BSES

समय पर बिल भुगतान करने वाले बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए 3600 रूपये तक का कैशबैक

नई दिल्लीः 5 अक्टूबर। समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले बीएसईएस उपभोक्ताओं को अब 3600 रूपये तक का कैशबैक मिल सकता है। अपने 40 लाख उपभोक्ताओं सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने मोबीक्विक के साथ समझौता किया है। कैशबैक स्कीम का फायदा उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मोबीक्विक की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से बिल का भुगतान करना होगा।

दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य दिल्ली में रहने वाले बीएसईएस उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत या प्रति माह अधिकतम 300 रूपये तक का कैशबैक मिल सकता है। यह कैशबैक स्कीम अक्टूबर 2017 से शुरू होकर सितम्बर 2018 तक चलेगी। 12 माह की इस कैशबैक स्कीम के तहत, समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को कुल 3600 रूपये तक के कैशबैक का फायदा हो सकता है। इस स्कीम का फायदा उठाने के लिए उपभोक्ता को लगातार तीन महीने तक मोबीक्विक प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान करना होगा। हर महीने की आखिर में उन्हें एक कैश– वाउचर मिलेगा, जिसे तीन बिल भुगतान के बाद रिडीम किया जा सकता है यानी भुनाया जा सकता है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, बीएसईएस का निरंतर प्रयास रहता है कि वह समय पर बिल का भुगतान करने वाले अपने उपभोक्ताओं को पुरस्कृत व प्रोत्साहित करे। इसके लिए कंपनी समय–समय पर अपने विभिन्न साझीदारों के साथ मिलकर काम करती है, ताकि बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिले।

बीएसईएस के अनुसार, उपरोक्त माध्यमों के अलावा, बीएसईएस उपभोक्ता 4000 से अधिक लोकेशनों / माध्यमों से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास ड्रॉप बॉक्स, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट, नेबरहुड ईजी बिल, मनी एन मोबाइल, ऑक्सीजन आउटलेअ्स, आईटीजेड कैश काड्र्स, बिल पेमेंट किऑस्क्स, चेक इन मेल सुविधा और की कंज्यूमर्स बैंकों के माध्यम से आरटीजीएस/ एनईएफटी आदि से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।